बिहार सरकार

सहकारिता विभाग

पत्रांक................................../पटना, दिनांक..

03/सह0ब0यो0 (आवंटन)–02/2026

प्रेषक,

अभय कुमार सिंह,
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

निबंधक,
सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना।

विषयः– **वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य में खरीफ विपणन में अधिप्राप्ति कार्य में संलग्न सहकारी संस्थाओं पैक्स/व्यापार मंडलों को पुराने गनी बैग मद में किसानों को ₹ 25/– (पच्चीस रू०) प्रति क्विंटल (धान) के भुगतान के लिए ₹15/– (पन्द्रह रू०) प्रति क्विंटल (धान) की दर से प्रतिपूर्ति अनुदान राशि के रूप में प्रबंधकीय अनुदान मद में रू० 48,22,40,091/– (अड़तालीस करोड़ बाईस लाख चालीस हजार इक्यानवे) मात्र के आवंटन के संबंध में।**

महाशय,

विभागीय स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक–116, दिनांक–22.05.2026 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य स्कीम अंतर्गत अधिप्राप्ति कार्य हेतु प्रबंधकीय अनुदान मद में कॉलम–03 में अंकित राशि का आवंटन दिया जाता हैः–

क्र॰ सं॰	बजट शीर्ष	आवंटित राशि (रूपये में)
1	2	3
1.	मांग संख्या–09, मुख्य शीर्ष–2425–सहकारिता, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–107–क्रेडिट सहकारी समितियों को सहायता, उप शीर्ष–0106–अधिप्राप्ति कार्य हेतु प्रबंधकीय अनुदान, विपत्र कोड– 09–2425001070106, विस्तृत शीर्ष–31–सहायता अनुदान, विषय शीर्ष–06–सहायक अनुदान–गैर वेतन।	40,50,81,676/–
2.	मांग संख्या–09, मुख्य शीर्ष–2425–सहकारिता, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–789–अनुसूचित जाति के लिए विशेष घटक योजना, उप शीर्ष–0101–अधिप्राप्ति कार्य हेतु प्रबंधकीय अनुदान, विपत्र कोड– 09–2425007890101, विस्तृत शीर्ष–31–सहायता अनुदान, विषय शीर्ष–06–सहायक अनुदान–गैर वेतन।	7,71,58,415/–

2. उपर्युक्त आवंटन वित्त विभाग के पत्र सं0–236/वि0, दिनांक–09.03.2026 के अंतर्गत बिहार विनियोग (संख्या–02) अधिनियम, 2026 एवं वित्त विभाग के पत्र संख्या–314/वि0, दिनांक–01.04.2026 के आलोक में दिया जा रहा है। वित्त विभाग के परिपत्र सं0–2561, दिनांक–17.04.1998 में निहित शर्त्तों/अनुदेशों का अनुपालन किया जाना निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा आवश्यक होगा।

3. आवंटित राशि का नियमानुसार व्यय करते हुए उक्त का उपयोगिता प्रमाण–पत्र महालेखाकार को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

4. इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह०/–

(अभय कुमार सिंह),
सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक–................................/पटना, दिनांक–..

प्रतिलिपिः– महालेखाकार, बिहार, पटना/सभी जिला कोषागार पदाधिकारी, बिहार, को मुहरबंद लिफाफा में सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक–05(आ०)/पटना, दिनांक–25/05/26

प्रतिलिपिः– निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, कार्यालय निबंधक, स०स०, बिहार, पटना/उप सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/आंतरिक वित्तीय सलाहकार/~~विभागीय~~ आई०टी० मैनेजर, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25.05.26

सरकार के अपर सचिव।